# देर रात में कारोबार बढ़ाने की नियंत्रण योजना से जुड़े सामान्य प्रश्न (Late Night Trading Development Control Plan FAQs)

देर रात में कारोबार बढ़ाने की नियंत्रण योजना (Late Night Trading Development Control Plan (LNT DCP)) से कारोबारों, स्थानों और संचालकों को एक आकर्षक नाइटलाइफ के लिए समुदाय की इच्छाओं के साथ संतुलन बनाने वाली जरूरतें और शर्तें उपलब्ध कराई जाएंगी, जो आसपास की जगहों के इस्तेमाल की सुविधा और समुदाय की उम्मीदों के अनुसार होंगी।

प्रस्तावित नियंत्रणों का लक्ष्य रात के समय में अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और विविधता को बढ़ावा देना है। इसके लिए रात के समय की चहल पहल और आवासीय सुविधा को संतुलित किया जाएगा, रात भर चीजों के विस्तृत और समग्र मिश्रण वाले इस्तेमालों को प्रोत्साहित किया जाएगा और सुरक्षा और सामुदायिक सुविधा को बढ़ावा देने के लिए जगहों पर अच्छे कार्य-अभ्यासों को सुनिश्चित किया जाएगा।

**देर रात में कारोबार बढ़ाने की नियंत्रण योजना (Late Night Trading Development Control Plan) क्या है?**

देर रात में कारोबार बढ़ाने की नियंत्रण योजना (Late Night Trading Development Control Plan (LNT DCP)) रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे के बीच लाइसेंस और बिना लाइसेंस वाले कारोबार के लिए एक विशिष्ट विकास आकलन रूपरेखा है।

ड्राफ्ट LNT DCP में स्थान-आधारित आवाज संबंधित नियंत्रण भी शामिल हैं जो शोर और सुविधा को संतुलित करेंगे; और इस ड्राफ्ट में बढ़ाए गए घंटों के लिए परीक्षण अवधि जिसका लक्ष्य स्थान के संचालकों और स्थान के प्रभावों के प्रबंधन के लिए आश्वासन देना; और स्थान के अच्छे प्रबंधन के चलनों को मदद देने वाली प्रबंधन की मानक और प्रभाव-आधारित योजना भी शामिल है।

**LNT DCP को क्यों विकसित किया गया है?**

वर्तमान ,में, काउंसिल के पास अभी ऐसे विशेष नियंत्रण नहीं हैं जो देर रात कारोबार पर लागू होते हैं। प्रत्येक मामले के आधार पर विकास के कार्यों का आकलन किया जाता है, जिससे कारोबारों के लिए अस्थिर परिणाम होते हैं। यह रात में अधिक विविधता वाले इस्तेमालों और गतिविधियों को बढ़ावा देने में एक बड़ी रुकावट है।

विशेष नियंत्रणों से काउंसिल को पूरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र (Local Government Area (LGA)) में रात के समय अर्थ-व्यवस्था की वृद्धि और प्रबंधन को दिशा देने में मदद मिलेगी। इससे रात के समय अर्थ-व्यवस्था

**Contact us:**
council@cityofparramatta.nsw.gov.au | 02 9806 5050
@cityofparramatta | PO Box 32, Parramatta, NSW 2124
ABN 49 907 174 773 | **cityofparramatta.nsw.gov.au**

में योगदान देने वाले कारोबारों को भी नियंत्रणों और नियमों के लिए संदर्भ का एक प्रमुख बिंदु मिलेगा।

**LNT DCP किस पर लागू होता है?**

LNT DCP रात के समय कारोबार के लिए निर्धारित क्षेत्रों Late Night Trading Areas के अंदर विकास के नए आवेदनों पर लागू होता है। रात के समय विकास कार्य में स्मॉल बार, बार, पब, क्लब, कैफे, रेस्टोरेंट, रिटेल शॉप, परफॉर्मेंस स्थान, सांस्कृतिक और खेल के स्थान शामिल हो सकते हैं।

LNT DCP **पूर्वप्रभावी <u>नहीं</u>** है और यह संचालन की मौजूदा स्थितियों या यूजर्स में **बदलाव <u>नहीं</u> करेगा**।

LNT DCP केवल <u>नए</u> विकास कार्य आवेदनों पर लागू होगा।

**देर रात के कारोबारी क्षेत्रों (Late Night Trading Areas (LNTAs) क्या हैं?**

देर रात के कारोबारी क्षेत्रों (Late Night Trading Areas (LNTAs) LGA के अंदर निर्धारित क्षेत्र हैं जहां पहले से देर रात की गतिविधियां होती हैं और इनमें रात के समय के क्षेत्र के तौर पर उभरने की क्षमता है।

LNT DCP में चार क्षेत्रों की पहचान की गई है:

1. CBD LNTA 1 - Parramatta CBD के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र के आसपास।
2. CBD LNTA 2 - व्यावसायिक, रिटेल और आवासीय इस्तेमाल के मिश्रण वाले क्षेत्र, जैसे Eat Street और Church Street पर इंडोर और आउटडोर डाइनिंग।
3. Urban Centre LNTA 3 - देर रात के कारोबारी स्थानों की कम संख्या के साथ LGA के निकट केंद्रों की एक श्रृंखला, लेकिन यह स्थानीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करती है और सार्वजनिक परिवहन के निकट मौजूद है। इन क्षेत्रों में CBD, Harris Park, Epping, Westmead, Granville और Wentworth Point के हिस्से शामिल हैं।
4. Local Centre LNTA 4 – रिटेल सेंटर और हाई स्ट्रीट क्षेत्र जो रेस्टोरेंट, स्मॉल बार, रिटेल और पड़ोस की ग्रॉसरी दुकानों को स्थान दे सकते हैं।

LNTAs के अंदर देर रात के कारोबार के लिए विकास कार्य के आवेदनों का आकलन LNT DCP में प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

इन चार क्षेत्रों के बाहर आने वाले आवेदनों का आकलन विशेषता के अनुसार होगा।

**LNT DCP से कारोबारी घंटे कैसे प्रभावित होंगे?**

कोई स्थान जिन कारोबारी घंटों के लिए आवेदन कर सकता है वे उस स्थान की कैटेगरी (श्रेणी) और वह किस LNTA में है, इस पर निर्भर करते हैं।

स्थान की तीन कैटेगरी हैं:

1. उच्च प्रभाव परिसर;
2. मध्यम प्रभाव परिसर; और
3. बिना लाइसेंस वाले परिसर



**Contact us:**
council@cityofparramatta.nsw.gov.au | 02 9806 5050
@cityofparramatta | PO Box 32, Parramatta, NSW 2124
ABN 49 907 174 773 | **cityofparramatta.nsw.gov.au**

CITY OF PARRAMATTA

**स्थान कितनी देर तक कारोबार कर सकेंगे?**

प्रत्येक LNTA के बुनियादी घंटों और देर रात में कारोबार करने वाले स्थानों के लिए लागू हो सकने वाले बढ़ाए गए कारोबारी घंटों का एक वर्ग है।

बुनियादी घंटे एक कार्य की स्वीकृति मिलने पर उन घंटों का मानक वर्ग है जिनमें सभी स्थान कारोबार कर सकते हैं।

बुनियादी घंटों से अधिक बढ़ाए गए घंटों के लिए स्वीकृति परीक्षण के आदार पर दी जा सकती है और इसे अधिकतम घंटे माना जाएगा।

| (देर रात में कारोबार वाला क्षेत्र) (Late Night Trading Area) | स्थान की कैटेगरी और लोकेशन | | बुनियादी घंटे | बढ़ाए गए घंटे |
|---|---|---|---|---|
| CBD LNTA 1 | उच्च प्रभाव और निम्न प्रभाव | इंडोर | 6am से 2am | 24 घंटे |
| | | आउटडोर | 6am से 11pm | 6am से 3am |
| | लाइसेंस के बिना | इंडोर | 24 घंटे | |
| | | आउटडोर | | |
| CBD LNTA 2 | उच्च प्रभाव और निम्न प्रभाव | इंडोर | 6am से 2am | 6am से 3am |
| | | आउटडोर | 10am से 10pm | 6am से मध्य रात्रि* |
| | लाइसेंस के बिना | इंडोर | 24 घंटे | |
| | | आउटडोर | | |
| Urban Centre LNTA 3 | उच्च प्रभाव और निम्न प्रभाव | इंडोर | 6am से मध्य रात्रि | 6am से 2am |
| | | आउटडोर | 10am से 10pm | 6am से मध्य रात्रि* |
| | लाइसेंस के बिना | इंडोर | 24 घंटे | |
| | | आउटडोर | | |
| Local Centre LNTA 4 | उच्च प्रभाव और निम्न प्रभाव | इंडोर | 10am से 10pm | 10am से मध्य रात्रि |
| | | आउटडोर | 7am से 8pm | 7am से 10pm |
| | लाइसेंस के बिना | इंडोर | 7am से मध्य रात्रि | |
| | | आउटडोर | | |



**Contact us:**
council@cityofparramatta.nsw.gov.au | 02 9806 5050
@cityofparramatta | PO Box 32, Parramatta, NSW 2124
ABN 49 907 174 773 | **cityofparramatta.nsw.gov.au**

| | | |
|---|---|---|
| **देर रात के कारोबारी क्षेत्रों {Late Night Trading Areas} के बाहर** | इंडोर | विशेषता पर आकलन किया गया |
| | आउटडोर | |

* नदी के तट के ठीक सामने के आउटडोर क्षेत्रों के कारोबारी घंटे अधिकतम रात 10 बजे तक हैं।

**क्या बढ़ाए गए कारोबारी घंटे आउटडोर क्षेत्रों पर लागू होते हैं?**
बढ़ाए गए घंटे आउटडोर क्षेत्रों पर लागू हो सकते हैं। CBD LNTA 1 में एक उच्च प्रभाव स्थान आउटडोर में 3 am तक, CBD LNTA 2 में मध्य रात्रि तक, Urban Centre LNTA 3 में मध्य रात्रि तक और Local Centre LNTA 4 में 10pm तक कारोबार कर सकता है ।

**कोई स्थान बढ़ाए गए घंटे कैसे प्राप्त कर सकता है?**
एक परीक्षण अवधि के आधार पर बुनियादी घंटों के बाद बढ़ाए गए घंटों की स्वीकृति मिल सकती है। परीक्षण अवधि स्थान संचालकों को यह दिखाने का अवसर देती है कि प्रस्तावित घंटों का आसपास के क्षेत्रों पर कोई अनुचित प्रभाव नहीं होगा और स्थान का अच्छा प्रबंधन किया जाएगा। वे काउंसिल को संभावित प्रभावों के प्रबंधन के लिए एक तरीका भी उपलब्ध करा सकते हैं।
LNT DCP का प्रस्ताव है कि बढ़ाए गए घंटों के लिए कोई भी कार्य 12 महीनों की परीक्षण अवधि का विषय होगा।
सफल परीक्षण पूरा होने के बाद, एक कार्य को बढ़ाए गए घंटों के लिए औपचारिक कराया जा सकता है। परीक्षण अवधि का बढ़ाया या रद्द किया जा सकता है। अगर एक परीक्षण को बढ़ाया जाता है, तो यह केवल पहले परीक्षण की अवधि तक बढ़ सकता है।
आवेदन की प्रक्रिया पर अधिक विवरण कारोबारों के लिए LNT DCP उपभोक्ता संदर्शिका (LNT DCP User Guide for Businesses) में मिल सकता है।

**शहर में क्या बदलाव होगा?**
Parramatta के एक आकर्षक और विविध रात के समय के केंद्र में बदलने से इसके निवासियों को कई फायदे मिलेंगे। इनमें स्थानीय फूड और बेवरेज की उपलब्धता, सांस्कृतिक गतिविधियां, लाइव म्यूजिक, सामाजिक बैठकें, इवेंट्स और देर तक चलने वाले कारोबार शामिल हैं।
हालांकि, व्यावसायिक या औद्योगिक केंद्र के निकट रहने से संचालन के घंटों, गंध, शोर, रोशनी, ट्रैफिक और रात के समय की गतिविधि से जुड़े उपायों के कारण सुविधा पर प्रभाव पड़ सकता है।


**Contact us:**
council@cityofparramatta.nsw.gov.au | 02 9806 5050
@cityofparramatta | PO Box 32, Parramatta, NSW 2124
ABN 49 907 174 773 | **cityofparramatta.nsw.gov.au**

## रात के समय शोर पर नियंत्रण के लिए काउंसिल का क्या नजरिया है?

वर्तमान में, काउंसिल के आवाज से जुड़े नियंत्रण शोर का प्रबंध करने के लिए पूर्ण समावेशी विधि अपनाते हैं। इसका मतलब है कि CBD लाइव म्यूजिक के शोर को समुदाय के एक सदस्य के आवासीय क्षेत्र में 10 pm के बाद तेज संगीत बजाने के समान देखा जाता है।

काउंसिल की स्थानीय कारोबारों के सफल संचालन की निवासियों की सुविधा के साथ संतुलन बनाने की जिम्मेदारी है। LNT DCP काउंसिल को शोर और जनता के व्यवहार से जुड़ी किसी आशंका से सक्रियता के साथ निपटने की एक रूपरेखा उपलब्ध कराता है।

LNT DCP में स्थान आधारित आवाज के नियंत्रण शामिल हैं जो शोर करने वालों (स्थान, परिसर, आदि) और शोर सुनने वालों (आवासीय इस्तेमालों, होटल और शिक्षा, आदि) के बीच शोर कम करते और संतुलन प्रबंधन करते हैं।

## काउंसिल यह नजरिया क्यों रखती है?

LNT DCP में प्रस्तावित नियंत्रण पूरे LGA में शोर से निपटने का एक अधिक अनुकूलनीय नजरिया देंगे। ये मौजूदा गतिविधि के स्तरों के साथ ही भविष्य में शहर में गतिविधि के उचित स्तरों पर भी विचार करते हैं। एक अधिक अनुकूलनीय और स्पष्ट नजरिया शोर और आवाज को एक विशेष संदर्भ में मानता है और एक आकर्षक शहर को सुगम बना सकते हैं जिसका प्रत्येक व्यक्ति मजा ले सकता है।

## काउंसिल क्या फीडबैक मांग रही है?

काउंसिल ड्राफ्ट LNT DCP पर राय देने के लिए समुदाय को निमंत्रित करती है। काउंसिल प्रस्तावित LNTAs, कारोबारी घंटों और आवाज के नियंत्रणों पर फीडबैक चाहती है।

## फीडबैक का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा?

काउंसिल समुदाय और हितधारकों के फीडबैक का इस्तेमाल यह तय करने के लिए करेगी कि क्या प्रस्ताविक नियंत्रण इस बारे में समुदाय की उम्मीदों से मेल खाते हैं कि समुदाय किस प्रकार के शहर को देखना और अनुभव करना चाहते हैं। समुदाय के साथ चर्चा के परिणामों की एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**Contact us:**
council@cityofparramatta.nsw.gov.au | 02 9806 5050
@cityofparramatta | PO Box 32, Parramatta, NSW 2124
ABN 49 907 174 773 | **cityofparramatta.nsw.gov.au**